हिन्दी सांध्य दैनिक

प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आन्दोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email Id: prakharpurvanchal@gmail.com

वाराणसी, चन्दौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, इलाहाबाद तथा गोरखपुर से प्रसारित

वर्ष ८ अंक २०६ पृष्ठ ४, मूल्य ३.००, आमंत्रण मूल्य २.००

२८ जनवरी २०२४ दिन रविवार

गाजीपुर/वाराणसी

अगले 16 साल में खाने लायक नहीं रहेंगे गेहूं–चावल, क्वालिटी में भारी गिरावट

एक स्टडी में हुआ खुलासा अनाज नहीं जहर खा रहे भारत के लोग

चावल और गेहूं की फूड वैल्यू में 45 प्रतिशत तक गिरावट

प्रखर नई दिल्ली/एजेंसी। इस वक्त देश में खाए जाने वाले चावल और गेहूं में पोषक तत्वों की भारी कमी हो गई है. भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के वैज्ञानिकों के नेतृत्व में हाल में हुई एक स्टडी से साफ हुआ कि ज्यादा पैदावार वाली किस्मों को विकसित करने पर केंद्रित कार्यक्रमों ने चावल और गेहूं के पोषक तत्वों को इस हद तक बदल दिया है कि उनकी फूड वैल्यू और पोषण मूल्य कम हो गया है. 'डाउन टू अर्थ' मैगजीन की एक हालिया रिपोर्ट के मुताबिक पिछले 50 साल से भारत खाद्य सुरक्षा हासिल करने के लिए तेजी से ज्यादा उपज देने वाली चावल और गेहूं की किस्मों को आगे बढ़ा रहा है। आईसीएआर के मुताबिक पिछले 50 साल में चावल में जिंक और आयरन जैसे जरूरी पोषक तत्वों की मात्रा में क्रमशः 33 फीसदी और 27 फीसदी की गिरावट आ गई है. जबकि गेहूं में जिंक और आयरन में 30 फीसदी और 19 फीसदी की कमी आई है. भारत में हरित क्रांति का लक्ष्य देश की तेजी से बढ़ती आबादी को खाना मुहैया कराना और खाद्य उत्पादन के मामले में आत्मनिर्भर बनना था. अतः कृषि वैज्ञानिकों का मुख्य उद्देश्य फसलों की उपज में सुधार लाना था. 1980 के दशक के बाद कृषि वैज्ञानिकों ने अपना ध्यान ऐसी किस्मों को विकसित करने पर केंद्रित कर दिया जो कीटों और बीमारियों के लिए प्रतिरोधी हों और खारेपन, नमी और सूखे जैसे हालातों को सहन कर सकें. इसके कारण वैज्ञानिकों को यह सोचने का मौका ही नहीं मिला कि पौधे मिट्टी से पोषक तत्व ले रहे हैं या नहीं. इसलिए समय के साथ पौधों ने मिट्टी से पोषक तत्व लेने की अपनी क्षमता खो दी है. इसके बारे में 2023 में कराया गया ताजा अध्ययन आईसीएआर और बिधान चंद्र कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा किए गए 2021 के अध्ययन को ही आगे बढ़ाता है. अध्ययन में साफ कहा गया कि अनाज पर निर्भर आबादी में जिंक और आयरन की कमी के कारणों पर गौर किया गया. जब अधिक उपज देने वाले चावल और गेहूं की किस्मों का परीक्षण किया गया, तो अनाज में जस्ता और लोहे की मात्रा कम पाई गई. प्रयोगों से पता चला है कि चावल और गेहूं की आधुनिक नस्लें मिट्टी में उपलब्ध होने के बावजूद जस्ता और लौह जैसे पोषक तत्वों को मिट्टी से निकालने में कम कुशल हैं. भारत में लोगों की दैनिक ऊर्जा जरूरतों का 50 फीसदी से अधिक चावल और गेहूं ही पूरा करते हैं. जबकि पिछले 50 साल में इनकी फूड वैल्यू में 45 प्रतिशत तक गिरावट आई है. माना जा रहा है कि इसकी दर से अगर चावल और गेहूं की क्वालिटी में गिरावट आती रही तो 2040 तक देश में यह इंसानों के उपभोग के लिए बेकार हो जाएगा. अध्ययन में यह भी पता चला कि चावल में जहरीले तत्व आर्सेनिक की मात्रा 1,493 फीसदी बढ़ गई है.

इंडिया गठबंधन का खेल खत्म बिहार प्रकरण से घबराए हैं अखिलेश– ओम प्रकाश राजभर

प्रखर एजेंसी। बिहार में राजद और जदयू के बीच चल रहे सियासी घटनाक्रम को लेकर सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि जदयू अध्यक्ष नीतीश कुमार द्वारा राजद प्रमुख को झटका दिए जाने से अखिलेश घबराहट में हैं। इसलिए ही उन्होंने बिना पूछे ही यूपी में कांग्रेस को 11 सीटें देने को लेकर एक्स पर मैसेज डाल दिया है। उन्होंने कहा कि अखिलेश की घबराहट बता रही है कि इंडिया गठबंधन का खेल खत्म हो चुका है। राजभर ने कहा कि ममता बनर्जी और नीतीश कुमार विपक्षी गठबंधन से अलग हो गए हैं। अब अरविंद केजरीवाल के अलग होने की बारी है। बसपा प्रमुख मायावती ने पहले ही इंडिया में शामिल होने से इंकार कर दिया है। उन्होंने कहा कि सत्ता में रहकर भी विपक्षी दलों ने पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यकों का हक मारा है। अब पीडीए का राग अलाप रहे हैं, लेकिन वास्तव में एनडीए सरकार ही इस समाज के लिए काम कर रही है।

रविवार को 4 बजे नीतीश सीएम पद की लेंगे शपथ, जेडीयू केसी त्यागी का बड़ा दावा

प्रखर एजेंसी। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रविवार को 4 बजे के आस–पास शपथ ले लेंगे। यह संभावना जद(यू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता, महासचिव और नीतीश कुमार के राजनीतिक सलाहकार केसी त्यागी ने व्यक्त की है। केसी त्यागी ने एक अखबार से विशेष बातचीत में कहा कि गाड़ी राइट (भाजपा) की तरफ मुड़ रही है। एक सवाल के जवाब में केसी त्यागी शायराना अंदाज में आ जाते हैं। कहते हैं कि मेरी फितरत तो देखिए, मेरा सलीका तो देखिए। जब उलझ जाती है गुत्थी तो सुलझाने में लग जाता हूं मैं। एक मिनट की बातचीत में जद(यू) महासचिव केसी त्यागी सबकुछ कह गए। नीतीश कुमार के इस्तीफा देने, भाजपा के साथ की तमाम खबरों के बीच में कांग्रेस के विधायक शकील अहमद खान का कहना है कि श्वह राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने के लिए नीतीश कुमार को निमंत्रण देने गए थे। तब उन्हें विजय चौधरी बाहर तक छोडने आए और नीतीश ने भी बहुत अच्छा रिस्पांस दिया था।श हालांकि शकील कहते हैं कि यह राजनीति हैं। यहां क्या कह सकते हैं। जद(यू) विधायक बिजेन्द्र यादव ने कहा कि वह पार्टी के निर्णय का इंतजार कर रहे हैं। उनकी पार्टी जो भी निर्णय लेगी, उन्हें मंजूर है। जद(यू) के ही एक सांसद ने बताया कि पिछले दिनों हम लोग अपने नेता से मिले थे। सूत्र का कहना है कि जद(यू) के लोकसभा में अभी 16 सांसद हैं। 2024 में जद(यू) यदि कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल के साथ मिलकर चुनाव लड़ती है तो इसमें सीटों की संख्या घटने की संभावना है। लेकिन भाजपा के साथ जाने पर 2024 के लोकसभा चुनाव में फिर 16 या 17 सीटें आने की संभावना है। नीतीश के इंडिया गठबंधन का साथ छोडने की खबरों पर भाजपा के एक बड़े नेता ने ऑफ द रिकार्ड बात की है। सूत्र का कहना है कि नीतीश कुमार अपनी स्वेच्छा से राजद और कांग्रेस के साथ गए थे। यदि वह साथ छोड़ेंगे तो अपनी स्वेच्छा से ही छोड़ेंगे। सूत्र का कहना है कि नीतीश कुमार की सरकार को समर्थन देने का निर्णय केन्द्रीय नेताओं को लेना है। इतना तय है कि भारतीय जनता पार्टी इस बार बिहार में किसी भी तोड़–फोड़ की राजनीति में शामिल नहीं है।

कम समय में मरीज को अस्पताल पहुंचाने के लिए 102 व 108 एंबुलेंस के पायलट हुए सम्मानित

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर पूरे देश में सरकारी और गैर सरकारी संस्थाएं इसे राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाया। इसी क्रम में गाजीपुर के स्वास्थ्य विभाग में चलने वाले 102 और 108 एम्बुलेंस जो मरीज को क्विक रिस्पांस करते हुए उनके मौजूदा स्थल से पास के स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंच कर उन्हें जीवन दान देने का काम करती है। उनके अधिकारी और कर्मचारियों ने भी इस पर्व को हर्षोल्लाष के साथ मनाया। इस मौके पर बेस्ट पायलट का अवार्ड भी दिया गया। जिला प्रभारी संदीप चौबे ने बताया कि 26 जनवरी के पावन पर्व को हम सभी लोगों ने काफी खुशी के साथ मनाया। इस दौरान मरीज को क्विक रिस्पांस कर स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचा कर उनकी जान बचाने के साथ ही साथ गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचाने में प्रथम रहे पायलट राम प्रवेश को बेस्ट पायलट का पुरस्कार देखकर उनका हौसला अफजाई किया गया। ताकि अन्य पायलट भी मरीज को कम से कम समय में स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचाएं। इस अवसर पर ब्लॉक प्रभारी दीपक कुमार राय, अखंड प्रताप ,अरविंद कुमार सहित अन्य कर्मचारी ,एंबुलेंस के पायलट और इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन मौजूद रहे।

प्रत्येक प्राणी का मुख्य कर्तव्य अपनी आत्मा रूपी कन्या सीता को परमात्मा राम को समर्पित कर देने में ही है – स्वामी डा.राम कमल दास वेदांती

प्रखर वाराणसी। श्री राम मंदिर गुरुधाम वाराणसी में श्रीमद आद्य जगद्गुरू श्री रामानंदाचार्य जी के ७२४ वें प्राकट्य महोत्सव के उपलक्ष्य में समायोजित श्री राम कथा में जगतगुरु अनंतानंद पद प्रतिष्ठित स्वामी डा.राम कमल दास वेदांती जी महाराज ने धनुष यज्ञ प्रसंग पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रत्येक प्राणी का मुख्य कर्तव्य अपनी आत्मा रूपी कन्या सीता को परमात्मा राम को समर्पित कर देने में ही है द्य आत्मा और परमात्मा के मिलन में सबसे बड़ी बाधा हमारे जीवन में रखा हुआ अभिमान का धनुष है वह जब तक नहीं टूटता तब तक हम अपनी आत्मा को श्री राम से सम्मिलित नहीं कर सकते । अभिमान साधक के जीवन की सबसे बड़ी बुराई है जो बड़े–बड़े महापुरुषों के जीवन से भी नहीं जाती रामायण में श्री हनुमान जी तथा लक्ष्मण जैसे राम भक्त के जीवन में भी अभिमान अंकुरित हुआ है अभिमान को केवल ईश्वर की कृपा से ही मिटाया जा सकता है।

आटा लेने निकले युवक की टाटा मैजिक की टक्कर से सड़क दुर्घटना में मौत, एक गंभीर घायल

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। खानपुर थाना क्षेत्र के ददरा गाँव निवासी शनि कुमार उम्र 20 पुत्र मोहन कुमार की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ददरा गाँव निवासी शनि कुमार 20 पुत्र मोहन कुमार अपने चाचा के लड़के शिवम कुमार उम्र 14 पुत्र मुन्ना राम के साथ खानपुर थानाक्षेत्र के दरवेपुर में आटा चक्की के दुकान से आटा लेने जा रहे थे कि तभी दरवेपुर के तरफ से आ रही तेज रफ्तार टाटा मैजिक अनियंत्रित होकर सामने जा रहे शनि की मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे शनि की मौके पर ही मौत हो गई वही मोटरसाइकिल पर पीछे बैठा शिवम बुरी तरह घायल हो गया। वही घटना के बाद मैजिक चालक गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया। घटना के बाद मौके पर आसपास के लोगो की भीड़ इकट्ठा हो गई। घटना की सूचना पर पहुँची खानपुर पुलिस ने घायलों को इलाज हेतु सैदपुर स्थित निजी चिकित्सालय भेजवाया जहाँ शनि कुमार को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वही शिवम की हालत गंभीर देखते हुए उसे रेफर कर दिया गया।घटना की जानकारी परिजनों को मिलते घर मे कोहराम मच गया।चार भाइयों प्रमोद कुमार, अखिलेश, मिथिलेश, में सबसे छोटा शनि मजदूरी का काम कर परिवार का खर्च देखता था। घटना के बाद माता प्रभावती देवी का रो–रोकर बुरा हाल हो गया है।थानाध्यक्ष खानपुर प्रवीण यादव ने बताया कि मामला सज्ञान में है शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया । गाड़ी को कब्जे में लेकर परिजनों के तहरीर पर अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही हैं।

मौके पर जाकर करे निस्तारण– डीसीपी

प्रखर पिंडरा वाराणसी। पुलिस उपायुक्त गोमती जोन प्रबल प्रताप सिंह ने शनिवार को फूलपुर व सिंधोरा थाने पर आयोजित समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्या स्वयं सुनी और उसके त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। दोपहर 12 सवा बजे फूलपुर थाने पर पहुचे डीसीपी ने पूर्व में आये निस्तारण के रजिस्टर को देखा और फरियादियों के समस्या समाधान की भी एक कॉपी देने और संतुष्ट करने का निर्देश दिया। उसके बाद मौके पर आए 8 प्रार्थना पत्रों की सुनवाई करते हुए मौके पर दो प्रार्थना पत्र का निस्तारण किया। उसके बाद सिंधोरा थाने पर पहुचे जहाँ दो मामलों उनके समक्ष आये। जिसे मौके पर ही निस्तारण किया। डीसीपी के समक्ष सिंधोरा के कुछ किसान स्वच्छ पेयजल मिशन के तहत बन रहे पानी टँकी को उनके जमीन में बनाये जाने की शिकायत की। जिसपर मौके पर उपस्थित राजस्व विभाग के कर्मचारियों ने कहाकि इसका सीमांकन हो चुका है वह बंजर जमीन है। जिसपर किसान संतुष्ट हुए। वही दिनदासपुर के ग्राम प्रधान ने शिकायत कि सरकारी चकरोड को बनने में कुछ लोग बांधा उत्पन्न करने की आशंका जताई। जिसपर राजस्व व पुलिस को मौके पर जाकर निस्तारण करने का निर्देश दिए। इस दौरान एसीपी पिंडरा प्रतीक कुमार , नायब तहसीलदार राधेश्याम यादव, फूलपुर इंस्पेक्टर संजय मिश्रा, सिंधोरा थानाध्यक्ष अखिलेश वर्मा के अलावा राजस्व विभाग के कानूनगो व लेखपाल उपस्थित रहे।

तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने दो बाइक के साथ ऑटो को मारी टक्कर, 7 की मौत

हादसे के बाद स्कॉर्पियो में सवार लोग भागे

प्रखर एजेंसी। ओडिशा में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने दो बाइक और एक ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे 7 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना को लेकर एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें ओवरटेक के चक्कर में स्कॉर्पियो बेकाबू हो गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। छत्तीसगढ़ के बॉर्डर बस्तर के पास ओडिशा के बोरीगुमा क्षेत्र में यह दर्दनाक हादसा हुआ। तेज रफ्तार में स्कॉर्पियो जगदलपुर से ओडिशा की तरह जा रही थी। इस दौरान सिंगल लेन सड़क पर स्कॉर्पियो ने पहले सामने से आ रही बाइक को टक्कर मार दी। इसके बाद चार पहिया गाड़ी यही नहीं रुकी और वह आगे एक ऑटो से भिड़ गई। इस दौरान एक दूसरी बाइक भी फोर व्हीलर से जा टकराई।दुर्घटना के बाद स्कॉपियो सड़क के किनारे स्थित खेत में जाकर रुक गई, जबकि ऑटो पलट गया। हादसे में 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार लोगों ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। ऑटो में कुल 15 यात्री सवार थे। हादसे के बाद स्कॉर्पियो में सवार सभी 5 लोग फरार हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने स्कॉर्पियो को जब्त कर लिया, जिसमें छत्तीसगढ़ की नंबर प्लेट लगी है। पुलिस इस आधार पर गाड़ी मालिक की तलाश कर रही है। साथ ही पुलिस कर्मियों ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। यह दुर्घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है, जिसमें साफ–साफ दिखाई दे रहा है कि यह पूरा हादसा सिर्फ ओवरटेक की वजह से हुआ है। ओवरटेक करने के चलते स्कॉर्पियो ने दो बाइक और एक ऑटो को टक्कर मार दी।

साहित्य अध्ययन और मनन जीवन की उत्कृष्टता का सन्मार्ग

साहित्य अध्ययन, उन्नयन मनुष्य के जीवन में उत्कृष्टता का आधार होता है।साहित्य सदैव मनुष्य के जीवन में संवेदना, संवेदनशीलता एवं मानवता लाने का उत्कृष्ट कार्य करता है। हमारा साहित्य, भाषा, हमें आत्मिक गौरव का सदैव अभिभाष कराती है। इसीलिए जीवन में साहित्यिक पुस्तकों का विशेष महत्व है। सतसाहित्य और भाषा से जीवन गरिमा और गहरी संवेदना लिए हुए होता है। वस्तुत अच्छा साहित्य का वाचक, एक प्रशासक, एक अच्छा अभिनेता और एक अच्छा राजनेता बन सकता है। पर दूसरी तरफ एक अच्छा राजनेता, अच्छा प्रशासक, अच्छा अभिनेता बिना भाषा ज्ञान और साहित्यिक मनन के अच्छा साहित्यकार या उत्कृष्ट मानव नहीं हो सकता है। इसके लिए मनुष्य के जीवन में साहित्य के अध्ययन, मनन और चिंतन की आवश्यकता होती है। क्योंकि साहित्य में मानवीय समाज के सुख–दुख, आशा निराशा,उत्थान और पतन का स्पष्ट परिवेश स्वमेव उपस्थित रहता है। साहित्य की इन्हीं सब खूबियों के कारण उसे समाज का प्रतिबिंब कहा जाता है। साहित्य सर्वमान रूप से एक स्वायत्त आत्मा ही है, और साहित्य का रचयिता खुद स्वयं यह नहीं बता सकता कि साहित्य किसके जीवन में कब और क्या क्या परिवर्तन ला सकता है। मूलतःसाहित्य सत्य के अन्वेषण की साधना और सौंदर्य की अभिव्यंजना भी है। विशुद्ध जीवन एवं उच्च सत साहित्य मानव और समाज की संवेदना और उसकी सहज व्यक्तियों को युगों तक आने वाली पीढ़ियों में संचारित करता रहता है।और यही वजह है कि शेक्सपियर, तुलसीदास की कृतियां आज भी लोगों के हृदय में राज करती है। वैश्विक स्तर पर मनुष्य कितने ही जाति, राजनीति और भौगोलिक तौर पर अनेक गुटों में बट जाए, पर साहित्यिक धरातल एवं परिसीमा में सब एक हैं,सभी का बराबरी का दर्जा है। साहित्य मनुष्य को मानव और एक सहृदय व्यक्ति बनाना सिखाता है। दुनिया के सभी इंसान एक है,उनकी प्रवृतियां भी एक जैसी ही है। साहित्य सभी मानव में संवेदना भरकर करुणा, दया तथा परस्पर स्नेह के भाव पैदा करता है। साहित्य समय की धारा से अछूता नहीं रह सकता है। साहित्यकार उस समय काल की धारा में बैठकर उस समय की पीड़ा, संत्रास और उत्पीड़न को लेकर अपनी रचनाएं करता है, और समाज को एक परिष्कृत वातावरण बनाने के लिए प्रेरित करता है। जिस समाज में साहित्यिक परंपरा विशाल एवं समृद्ध है,वह समाज हमेशा से जीवंत और प्रगतिशील माना गया है। सत साहित्य सदैव मानवी सहज प्रवृत्तियों के साथ समय की धारा के साथ परिवर्तित एवं परिमार्जित होता रहा है। और यही कारण है कि एक अच्छा साहित्यकार एक अच्छा मनुष्य माना जाता है। और उसकी कृति युगों युगों तक जनमानस को प्रेरित, उत्प्रेरित तथा उत्साहित करती रहती है। साहित्य भविष्य की रूपरेखा वर्तमान को सामने रखकर सुनिश्चित करते हुए मानव के सोए हुए विवेक शक्ति को जागृत करने का प्रयास करता है। और श्रेष्ठतम साहित्य में मनुष्य के भीतर तथा बाहर के सार्वभौमिक मूल्यों,संदेशों और उद्देश्य को अंतर्निहित किए रहता है। यही कारण है की कबीरदास, रविंद्र नाथ टैगोर, जयशंकर प्रसाद, प्रेमचंद, शेक्सपियर, होमर,मिल्टन मानवीय चेतना के चितेरे साहित्यकार माने गए और उन्हें युगों युगों तक याद किया जाता रहेगा। वास्तव में जीवन साहित्य का आधार है, चाहे वह व्यक्ति विशेष का हो, परिवार का हो, समाज का हो, राज्य का हो या राष्ट्र का हो या संपूर्ण विश्व का जीवन के बिना साहित्य की कल्पना ही असंभव और साहित्य की समृद्धि बिना जीवंत समाज का सम्यक विकास असंभव है। साहित्य, भाषा, संवेदना जीवन का मेरुदंड है। जिंदगी में यथार्थवाद समाविष्ट रहता है और साहित्य आशावादी दृष्टिकोण से परिपूर्ण रहता है, इस तरह जीवन में यथार्थवाद और आशावाद एक दूसरे के पर्याय तथा पूरक हैं। साहित्य वैसे तो मानवीय जीवन में, जो है और जो होना चाहिए उसके बीच का एक जरिया ही है। साहित्य अपनी परिकल्पना उसे मानवीय समाज में मानवीय संबंधों के सुधार की जो आवश्यकता है, उस को रेखांकित करता है। चढ़ती है।

संजीव ठाकुर, स्तंभकार, चिंतक, लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़,

समाजसेवियों ने 200 जरूरतमंदों में बांटा कंबल

प्रखर वाराणसी। 75 वां गणतंत्र दिवस के अवसर पर राम नारायण सेवा ट्रस्ट के तत्वाधाम में गणतंत्र दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया. सर्वप्रथम समारोह के मुख्य अतिथि कौशलेंद्र सिंह पटेल पूर्व मेयर एवं पूर्व राष्ट्रीय पिछड़ा आयोग के सदस्य ने ध्वजारोहण कर राष्टगान के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि कौशलेंद्र सिंह पटेल को राम नारायण सेवा ट्रस्ट के प्रबंध निदेशक अवधेश कुमार उपाध्याय स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र भेंट कर अभिवादन किया।मुख्य अतिथि द्वारा ट्रस्ट के माध्यम से क्षेत्र के 200 महिलाओ एवं असहाय गरीब लोगों को कंबल वितरण किया गया। इस अवसर पर पूर्व ग्राम प्रधान काशीपुर जनार्दन सिंह, पूर्व ग्राम प्रधान ढोलापुर स्वयं राजभर तथा धनपालपुर के ग्राम प्रधान कैलाश मौर्य, त्रिभुवन नारायण उपाध्याय, कृषक महिला गृह शिल्प केंद्र के प्रबंधक वसंत लाल मौर्या कार्यक्रम के समापन पूर्व राम नारायण सेवा ट्रस्ट के निदेशक अवधेश कुमार उपाध्याय लोगों का आभार व्यक्त किया।

10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

प्रखर पिंडरा वाराणसी। पिंडरा विकास खण्ड के शाहपुर ग्राम सभा में मधुमक्खी पालन पर आधारित 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन शनिवार को हुआ। मधुजनसा फेड कृषक उत्पादक संगठन लिमिटेड वाराणसी व खादी ग्रामोद्योग आयोग द्वारा आयोजित शिविर में 20 लोगों को प्रशिक्षण दिया गया। भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना मधुक्रांति के तहत मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने के साथ आत्मनिर्भर भारत एवं किसानो की आय दोगुनी करने और भूमिहीन किसानो को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से प्रशिक्षण दिया गया।

11 एनडीआरएफ वाराणसी ने कार्मिकों को सम्मानित कर फहराया राष्ट्रीय ध्वज

प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर 11 एनडीआरएफ वाराणसी ने अपने वाहिनीं मुख्यालय परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया द्य इस उपलक्ष्य पर वाहिनीं के रेस्क्यूअर्स को विभिन्न प्रकार की आपदाओं में उत्कृष्ट राहत एवं बचाव कार्य करने के लिए महानिदेशक मेडल एवं प्रशंसा पत्र, एनडीआरएफ मेडल, आंतरिक सुरक्षा पदक एवं उत्कृष्ठ सेवा पदक से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मनोज कुमार शर्मा उप महानिरीक्षक 11 एनडीआरएफ ने बल के कार्मिकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अपने देश का इतिहास कई महान नेताओं और क्रांतिकारियों की गाथाओं से भरा हुआ है । देश के गौरवान्वित कर देने वाले इतिहास में कई लोगों ने अपने प्राण न्योछावर करते हुए हमें एक गणतंत्र राज्य दिया है और इसे सुंदर और सुरक्षित रखना हमारा परम कर्तव्य है द्य भारत का संविधान सभी देशवासियों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों से रूबरू कराता है। भारतीय संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। 11 एनडीआरएफ ने उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में आई आपदाओं में अपनी कुशलता और सेवा भावना से लाखों लोगों के जीवन की रक्षा की है एनडीआरएफ अपने ध्येय वाक्य आपदा सेवा सदैव सर्वत्र को सार्थक करते हुए किसी भी प्रकार की आपदा में लोगों की सुरक्षा के लिए तत्पर है। श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह स्थल अयोध्या में किसी भी प्रकार के प्राकृतिक एवं मानव जनित आपदाओं से निपटने हेतु हम सभी के लिए बहुत ही सौभाग्य की बात है की एनडीआरएफ के बचाव कर्मी के रूप में देश स्तर के इतने बृहद रूप के आयोजन के दौरान सेवा करने का मौका मिला। अभी भी एनडीआरएफ की तीन टीम अयोध्या में तैनात है जिसमें एक टीम केमिकल बायोलॉजिकल रेडियोलॉजिकल एवं न्यूक्लियर आपदा (सीबीआरएन) के लिए है वहीं दूसरी टीम कॉलेप्स स्ट्रक्चर सर्च एंड रेस्क्यू (सीएसएसआर) से संबंधित आपदाओं से निपटने के लिए सभी प्रकार के अत्यधिक राहत बचाव उपकरणों के साथ तथा तीसरी टीम को सरयू नदी में विभिन्न घाटों पर रेस्क्यू मोटर बोट, गोताखोर,पैरामेडिक, लाइफ जैकेट इत्यादि के साथ तैनात है उन्होंने आगे कहा कि प्रयागराज के गंगा–यमुना के संगम तट पर माघ मेला के शुभ अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु एवं पर्यटक भ्रमण पर आ रहे हैं एवं त्रिवेणी संगम पर आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। प्रयागराज में होने वाले माघ मेले को अर्ध कुंभ मेला भी कहा जाता है पुरे माघ मेला के दौरान प्रयागराज के प्रमुख घाटों पर एनडीआरएफ टीमों को तैनात किया गया हैं साथ ही एनडीआरएफ के द्वारा मेला क्षेत्र में चिकित्सा शिविर भी लगाया गया है एवं जरूरतमंद श्रद्धालुओं को चिकित्सा सहायता प्रदान कि जा रही है। इस अवसर पर उप महानिरीक्षक ने बल के सभी कार्मिकों और उनके परिवारजनों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें दीं और उनके उज्वल भविष्य की कामना की उन्होनें काशी वासियों को भी 75वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें देते हुए सबसे अपील की कि आपदाओं के प्रति हमेशा जागरूक रहें एवं सतर्क रहें। कार्यक्रम के अंत में एनडीआरएफ के जय उद्घोष एनडीआरएफ का एक ही मंत्र आपदा सेवा सदैव सर्वत्र के साथ कार्यक्रम को सम्पन्न किया गया।

कल्याण में सजी कवियों की महफिल, भजन गीत मंदिर बना अभिराम की हुई लांचिंग



प्रखर कल्याण। स्व. एम. जे. पंडित चौरिटेबल ट्रस्ट एवं ओम शिवम सत्संग ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में गणतंत्र दिवस पर काव्य गोष्ठी नसिस्त और भजन गीत श्मंदिर बना अभिरामश की लांचिंग यशोदा हॉल, जोशीबाग कल्याण प. में किया गया। इस मौके पर अग्रवाल और सोनावणे कॉलेज के संस्थापक एवं जनरल सेक्रेटरी डॉ. विजय पंडित ने कहा कि वर्तमान में महाराष्ट्र में एक विकट संकट बहुत नजदीक आता दिख रहा है। एक तरफ मराठा और दूसरी तरफ ओबीसी आरक्षण की बात चल रही है। हम तो ईश्वर से प्रार्थना करेंगे कि जल्द ही कोई रास्ता निकले और हमारा समाज विभाजित न हो। उन्होंने चंद पंक्तियां सुनाते हुए कहा कि जो कहनी थी बात अक्सर वही बात भूल जाता हूँ, किसी की झील जैसी आंखों में अक्सर डूब जाता हूँ, शिकायत है सबसे है पर किसी से कह नहीं सकता, बहुत गुस्सा आता है तो खुद से रुठ जाता हूँ... इन पंक्तियों को पेश करते ही कवियों की महफिल में चार चांद लग गया। और तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा हाल गूंज उठा। इस समय अन्य कवियों ने भी अपनी स्वरचित रचनाएं प्रस्तुत कर खूब वाहवाही लूटी। इस मौके पर अग्रवाल कॉलेज के उप प्राचार्य डॉ. राज बहादुर सिंह, सोनावणे कॉलेज के ट्रस्टी श्रीचंद केसवानी, सुनील कुकरेजा का यथोचित सम्मान किया गया। कार्यक्रम के संयोजक रिटेल ग्रेन मर्चेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हृदय पंडित, सरयूपारीण ब्राह्मण मंच फाउंडेशन के ट्रस्टी अमित तिवारी, दर्शन तिवारी, विजय त्रिपाठी रहे। इस मौके पर वरिष्ठों के हाथों से भजन गीत मंदिर बना अभिराम की लांचिंग की गई। वरिष्ठ पत्रकार अरविंद शर्मा, जगन्नाथ तिवारी, एच पी तिवारी, अंकित जायसवाल, विनीत तिवारी सहित बड़ी संख्या में कविता प्रेमी उपस्थित थे। संचालन अग्रवाल कॉलेज के हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. मनीष मिश्र ने किया। देश के 75 वें प्रजासत्ताक दिन निमित्त 26 जनवरी के दिन आयोजित इस कार्यक्रम में ओमप्रकाश पांडेय ष्नमनष, मुरलीधार तिवारी,वरिष्ठ पत्रकार राकेश पांडेय (नवभारत) आदि मान्यवर मंच पर विराजमान थे।

काव्य गोष्ठी – नसिस्त का सूत्र संचालन डॉ मनीष मिश्रा ने किया। कवि अफसर दकनी,उमेश शर्मा,बिलाल रौनक,राज बुंदेली,मनोज उर्इ,सत्यभामा सिंह,रामस्वरूप साहू,रईस आजमी,नमन,विजय पंडित,मनीष मिश्रा आदि मान्यवरों ने काव्य पाठ किया।

मनोरंजन भरपूर !

कृष्णेन्द्र राय

राजनितिक उथल–पुथल ।
बदल रही तस्वीर ।।
हर पल नया घट रहा ।
लगे हैं सारे वीर ।।
बदलेगी सरकार लगता ।
है ऐसी सुर ताल ।।
हैं बेचौन सारे ।
करने को कमाल ।।
घटनाक्रम कुछ ऐसा ।
मनोरंजन भरपूर ।।
दिख जाएगा खेला ।
पल नहीं वो दूर ।।
बोल बचन सबका ।
है चढ़ा परवान ।।
हटा न कोई पीछे ।
सब डटे मैदान ।।

'75 वें गणतंत्र दिवस' पर उदया इंटरनेशनल स्कूल में एमडी उदय राज तिवारी के गरिमामई उपस्थिति में हुआ ध्वजरोहण, भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रखर संतकबीरनगर। नेशनल हाइवे 28 पर भूजैनी में स्थित उदया इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में भारत के 75 वें गणतंत्र दिवस का महोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गणतंत्र दिवस के इस अवसर पर उदया इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि रहे जिला शासकीय अधिवक्ता विशाल श्रीवास्तव तथा पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आलोक सिन्हा। झंडारोहण कार्यक्रम की शुरुआत उदया इंटरनेशनल स्कूल के प्रधानाचार्या एसके त्रिपाठी एवं प्रबंधक उदय राज तिवारी का स्वागत तिलक लगाकर एवं पुष्पगुच्छ देकर किया गया द्य उसके बाद उदया इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक उदय राज तिवारी के गरिमामई उपस्थिति में मुख्य अतिथि के द्वारा ध्वजारोहण किया गया एवं राष्ट्रगान के साथ ध्वज को सम्मान दिया गया। इस महोत्सव के उपलक्ष्य में उदया इंटरनेशनल स्कूल के छात्र–छात्राओं के द्वारा अनेक मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिन्होंने ऐसा समा बांधा कि समस्त उपस्थित जन मंत्रमुग्ध हो गए। इस कार्यक्रम के विभिन्न गतिविधियों में सहभागिता निभाने वाले आदरणीय शिक्षक बंधुओ एवं बाल स्वरूप छात्र–छात्राओं का योगदान सराहनीय रहा देश रंगीला गीत को प्रस्तुत करने के लिए अंशिका, अंशी, आरुषि ,आराध्य में भाग लिया । सारे जहां से अच्छा जीत की प्रस्तुति शुरुधि मिश्रा, सुचिता यादव, इकरा बानो ,लवप्रीत, मान्यता, ईशानी, अलीना, अदिति, शिवांगी ,सोनाक्षी ने अपने लुभावने में अंदाज में प्रस्तुत किया। इन कार्यक्रमों में स्कूल बैंड के छात्रों द्वारा भव्य प्रस्तुति दी गई । सांस्कृतिक कार्यक्रम मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे द्य सभी विद्यार्थियों ने इन कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया द्य यह हम सभी के लिए बहुत गौरव का क्षण था कि देश अपना 75वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। इस अवसर पर विद्यालय के सभी छात्र एवं छात्राएं हाथ में तिरंगा लेकर बहुत ही उत्साहित नजर आ रहे थे द्य पूरा विद्यालय तीन रंगों में समाया हुआ था तथा सभी छात्र एवं छात्राओं में अपार जोश देखने को मिला।रंगारंग कार्यक्रम के पश्चात उदया इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक उदय राज तिवारी ने सभी शिक्षकगण व विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई दीद्य उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि आज हम सभी एक बहुत महत्वपूर्ण दिन को मनाने के यहां एकत्रित हुए हैं, जिसने हमें एक मजबूत राष्ट्र के रूप में आगे बढ़ने का अवसर दिया। गणतंत्र दिवस हमें याद दिलाता है कि हम एक साथ हैं और एक ही भारतीय परिवार के सदस्य हैं। साथ ही हम एक नए राष्ट्र के निर्माण के लिए एक साथ आगे बढ़ रहे हैं। भारत में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाया जाता है। इस दिन, साल 1950 में भारतीय संविधान लागू किया गया था और भारत गणराज्य की स्थापना हुई थी। यह दिन उन महापुरुषों की याद में मनाया जाता है जिन्होंने देश को स्वतंत्रता दिलवाने के बाद भी एक सशक्त और समृद्ध गणराज्य बनाने की राह में काम किया। भारतीय संविधान को लागू करने के बाद भारत गणराज्य बन गया। तत्पश्चात उन्होंने कार्यक्रम के सफल एवं भव्य आयोजन के लिए सभी विद्यार्थियों व शिक्षकगण की भूरी– भूरी प्रशंसा की द्यअंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या एसके त्रिपाठी ने सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए मुख्य अतिथि का आभार प्रकट किया और कहा कि यह पर्व हमारी एकता, सम्पन्नता और गौरव का प्रतीक है। जो संविधान हमें इतनी मुश्किलों से मिला है, उसे सहेज कर रखने की जरूरत है। हमें अपने देश की विकास–यात्रा का साथी बन उसे और भी समृध्द बनाना है। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन कियाद्य कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त अध्यापकों ने अपना बहुमूल्य योगदान दिया।

राजधानी में आयोजित झांकी में हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर रघुबरगंज का हुआ प्रदर्शन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। 26 जनवरी को पूरे देश में 75 वा गणतंत्र दिवस मनाया गया। जिसको लेकर हर भारतीय में एक अलग तरह का उल्लास देखने को मिला। लेकिन यह गणतंत्र दिवस गाजीपुर के स्वास्थ्य विभाग में एक अलग खुशी उस वक्त लेकर आया। जब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद का हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर जिसे अब आरोग्य स्वास्थ्य केंद्र रघुवर गंज के नाम से भी जाना जाता है। इसका प्रदर्शन स्वास्थ्य विभाग के द्वारा राजधानी लखनऊ में निकाले गए गणतंत्र दिवस के परेड में शामिल हुआ। जैसे ही इसकी जानकारी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को हुई तो सभी ने इस खुशी के मौके को अपने–अपने तरीके से सेलिब्रेट किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ देश दीपक पाल ने इस अवसर पर केंद्र को इस स्थान तक पहुंचाने में लगे सभी अधिकारी और कर्मचारियों को बधाई दिया। जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रभु नाथ ने बताया कि हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर रघुवरगंज को इस मुकाम तक पहुंचने में काफी मेहनत करनी पड़ी। जिसके परिणाम के रूप में यह रिजल्ट निकल कर आया की 87: प्रकार रघुवरगंज जहां प्रथम स्थान पर रहा। वही 79: पाकर हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर कल्याणपुर शंकरगढ़ प्रयागराज दूसरे स्थान, तीसरे स्थान पर प्रयागराज का हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर भदरी रहा और चौथे स्थान पर 74: अंक पाकर गोंडा का सेंटर रहा। उन्होंने बताया की इस उपलब्धि में ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक संजीव कुमार एवं जनपद क्वालिटी टिम अनिल कुमार की भुमिका अहम रही।

चिकित्सा अधीक्षक डॉ आशीष राय ने बताया कि कायाकल्प की तर्ज पर स्वास्थ्य विभाग में क्वालिटी एश्योरेंस कार्यक्रम चलाया जाता है। जिसको लेकर पिछले दिनों नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस की टीम गाजीपुर जनपद के भ्रमण पर आई थी। इन लोगों ने भारत सरकार के द्वारा दिए गए मानक पर इस केंद्र का निरीक्षण किया । निरीक्षण के उपरांत अपर सचिव मिशन निदेशक भारत सरकार एलएस चौहान का पत्र विभाग को प्राप्त हुआ। जिसमें रघुवरगंज को 87:अंक देकर प्रथम स्थान दिया गया। साथ ही साथ 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजधानी में निकलने वाली झांकी में इस केंद्र का प्रदर्शन भी किया गया। जो हम सभी के लिए गर्व की बात है की उत्तर प्रदेश के 75 जनपदों में से गाजीपुर जनपद का नाम राज्य के झांकी में प्रदर्शित हुआ।

स्मार्ट फोन पाकर खिले छात्रों के चेहरे

प्रखर जखनिया गाजीपुर ।क्षेत्र के सुखदेव किसान पीजी कॉलेज फूलपुर में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत विद्यालय के 100 छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन का वितरण मुख्य अतिथि सरोज मिश्रा ने किया । स्मार्टफोन मिलते ही छात्रों के चेहरे खिल गए। सरोज मिश्रा ने बताया कि यह स्मार्टफोन जागरूक छात्र–छात्राओं को जीवन में पठन–पाठन के लिए बहुदेशीय लाभ है। बस छात्रों को जानकारी हासिल करने की आवश्यकता है ।शासन की मंशा है कि गरीब छात्रों ,युवाओं के हाथ में स्मार्टफोन देकर उन्हें देश दुनिया की अत्यधिक जानकारी के साथ ही पठन–पाठन में यह सहयोगी बने ।इस योजना के माध्यम से अब कोई युवा छात्र वंचित नहीं रह जाएगा ।जिस से जनरल नॉलेज की जानकारियां भी हासिल हो सकेगी ।स्नातक के छात्रों को बिना भेदभाव के यह स्मार्टफोन दिया जा रहा है ।मौके पर तहसीलदार ध्रुवेश सिंह ,प्रबंधक भूलन सिंह, लेखपाल सुखबीर सिंह ,अंकुरसिंह , राधेश्याम जायसवाल ,हेमंत सिंह, रामजीत सिंह सहित समस्त स्टाफ के लोग रहे।

राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फैल जाए काशी विद्यापीठ के छात्र और अध्यापक – प्रोफेसर आनंद कुमार त्यागी

देश को प्रजातांत्रिक स्वरूप देने वाले सभी महापुरुषों को सादर नमन – प्रोफेसर आनंद कुमार त्यागी

प्रखर वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में 75 वा गणतंत्र दिवस बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया काशी। विद्यापीठ के चारों परिसरों एवं छात्र संघ भवन में तिरंगा फहराया गया। विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डॉ नवरत्न सिंह ने बताया कि मुख्य परिसर एवं छात्र संघ भवन में कुलपति प्रोफेसर आनंद कुमार त्यागी एनटीपीसी परिसर में वित्त अधिकारी श्री संतोष कुमार शर्मा, गंगापुर परिसर में प्रोफेसर अशोक कुमार मिश्र एवं भैरव तालाब परिसर में प्रोफेसर संजय द्वारा तिरंगा फहराया गया। 75 में गणतंत्र दिवस के अवसर पर काशी विद्यापीठ के कुलपति प्रोफेसर आनंद कुमार त्यागी ने कहा की काशी विद्यापीठ के छात्र और अध्यापक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फैल जाए ताकि काशी विद्यापीठ के मूल्य का पूरे देश एवं विदेश में प्रचार और प्रसार हो सके अगर हम ऐसा करने में सफल रहते हैं तब हम अपने विश्वविद्यालय अपने प्रदेश और अपने राष्ट्र की सेवा करने मैं अपना बहुमूल्य योगदान दे पाएंगे। कुलपति ने इस अवसर पर उन सभी महापुरुषों को सादर श्रद्धांजलि अर्पित की जिन्होंने भारत देश को एक प्रजातांत्रिक स्वरूप बनाने में अग्रणी भूमिका निभाई थी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय हित हमारे लिए सर्वोपरि है । हमें राष्ट्रीय एकता की भावनाओं को बढ़ाना है और अपने आप में राष्ट्रीय चरित्र का निर्माण करना है। हमें अपने अधिकारों के प्रति संघर्षरत अवश्य ही रहना चाहिए परंतु अपने कर्तव्य के प्रति भी हमें जिम्मेदार होना पड़ेगा। काशी विद्यापीठ में इस वर्ष महामहिम राष्ट्रपति और चार अलग–अलग प्रदेशों के राज्यपालों ने शिरकत की है जो काशी विद्यापीठ परिवार के लिए एक गौरवपूर्ण उपलब्धि है । काशी विद्यापीठ पूरे देश में इकलौता ऐसा विश्वविद्यालय है जिसने आजादी की लड़ाई में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है । इस संस्था के पुरातन छात्र अध्यापक एवं कुलपति पूरी मानव जाति के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं। काशी विद्यापीठ ने अपने कैंपस में साथ ही साथ अपने सभी संबद्ध कॉलेज में नई शिक्षा नीति का पूर्ण रूप से क्रियान्वयन कर दिया है । नई शिक्षा नीति के अनुरूप ही विश्वविद्यालय में अभी एक बड़ा स्टेडियम , परीक्षा भवन एवं कुछ क्लासरूम से बनाने की योजना भी है। आज महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ कि देशभर में एक पहचान है और आगे हमें इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाना है ताकि हम अपनी संस्था अपने देश का गौरव पुनः प्राप्त कर सकें।

अन्नपूर्णा ऋषिकुल में धूमधाम से मना 75वां गणतंत्र दिवस

महंत शंकर पूरी ने भारतीय तिरंगा फहराया और झंडे को दी सलामी

प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। शिवपुर थाना स्थित अन्नपूर्णा मठ मंदिर द्वारा संचालित अन्नपूर्णा ऋषिकुल ब्रह्मचर्य आश्रम में धूमधाम से गणतंत्र दिवस मनाया गया इस मौके पर महंत शंकर पूरी ने 75 वें गणतंत्र दिवस पर झंडा रोहण कर सलामी दी द्य इस औसर पर महंत ने कहा कि आज का दिन हमारे सभी लोगों के बीच विविधता, बंधुत्व और समानता में एकता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करने का दिन है ,मैं उन महान क्रन्तिकारियो को नमन करता हूँ जिन्होंने अपने जीवन का बलिदान दिया ताकि हम लोकत्रांतिक राष्ट्र में रह सकें जय हिंद द्य इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम में वैदिक शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों ने लघु नाटक और देश भक्ति की कई कविता सुनकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद सैकड़ो लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया। मुख्य रूप से आशुतोष मिश्रा प्रधानाचार्य,एक्सक्यूटिव ट्रस्टी जनार्दन शर्मा,काशी मिश्र, प्रदीप श्रीवास्तव,धीरेंद्र सिंह,राकेश सिंह तोमर और स्कूल परिवार समेत गणमान्य मौजूद रहे।

राष्ट्रीय कराटे चौंपियन के सम्मान में निकाला गया जुलूस

प्रखर दानगंज चोलापुर। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज चोलापुर वाराणसी में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजू सिंह के द्वारा ध्वजारोहण किया गया तथा इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गया।विद्यालय की छात्रा स्वास्तिक के राष्ट्रीय कराटे चौंपियनशिप अंदर 17 में स्वर्ण पदक जीतने के उपलक्ष्य में विद्यालय से चोलापुर बाजार में रैली निकाली गई जो बाजार से होते हुए चोलापुर थाने तक गई। चोलापुर थाना के थाना प्रभारी अतुल कुमार सिंह तथा विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजू सिंह एवं विद्यालय की समस्त शिक्षिकाओं द्वारा स्वास्तिक को माला पहनाकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में डॉक्टर अनीता गिरी, डॉ.रीता राय, सरिता कुशवाहा, चंद्रिका, आरती कुमारी, अंजू यादव ,रंजना दुबे, डॉक्टर विशालाक्षी देवी अर्चना चौबे, अनुरमा शास्त्री, अनामिका वंदना तथा समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहे।

सपा ने पीडीए पखवाड़े के तहत सदर विधान सभा के गांवों में किया जनपंचायत का आयोजन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। दिनांक 26 –27 जनवरी को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आह्वान पर और प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के निर्देश पर आज से शुरु पीडीए पखवाड़े के तहत सदर विधान सभा के रेवसां, हरिहरपुर, विश्वगुरु और आरी ग्राम में जनपंचायत आयोजित हुई। इस जनपंचायत को संबोधित करते हुए सदर विधायक जै किशन साहू ने कहा कि पीडीए एक ऐसा जनआंदोलन है जिसमें समाज के वह सभी वर्ग शामिल है जो सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक क्षेत्र में बुरी तरह से पिछड़े और वंचित है। उन्होने कहा कि समाजवादी आंदोलन का यह शुरु से मकसद रहा है समाज में व्याप्त गैरबराबरी समाप्त करने का और समतामूलक समाज की स्थापना करने का। लेकिन आज की वर्तमान भाजपा की हुकूमत को इस देश के गरीबों, शोषितों और वंचितों से कुछ भी लेना देना नही है। उसे केवल कुछ पूंजीपति घरानों की फिक्रमंद है। पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राजेश कुशवाहा ने कहा कि सामाजिक न्याय के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए जातीय जनगणना का होना बहुत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सामाजिक और आर्थिक विषमता को मिटाने के लिए संविधान में जो आरक्षण की व्यवस्था की गयी उसे समाप्त करना चाहती है। इस सरकार द्वारा संवैधानिक संस्थाओं को लगातार कमजोर किया जा रहा है। इस दौरान चौधरी लौटन राम निषाद ने इस जनपंचायत को संबोधित करते हुए कहा कि किसान, नौजवान, महिलाऐं, व्यापारी, अधिवक्ता, शिक्षक सभी भाजपा सरकार की नीतियों से त्रस्त है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी शोषित, पीड़ित, वंचित समाज को समाज को सम्मान और राजनीतिक भागीदारी देने के लिए संकल्पित है। इन जनपंचायतो मे मुख्य रूप से पुर्व जिलाध्यक्ष रामधारी यादव, सिकंदर यादव, देवेन्द्र यादव, महेंद्र बिंद, सूरज खरवार, त्रिवेणी चौहान, बलिराम यादव, शिशु यादव, पंकज यादव आदि उपस्थित थे। इन जनपंचायतों की अध्यक्षता सदर विधान सभा के अध्यक्ष तहसीन अहमद और संचालन जिला सचिव रमेश ने किया।

रिजर्व पुलिस लाइन्स सभागार में ग्राम प्रहरियों के साथ की गई गोष्ठी, साइकिल का किया गया वितरण

प्रखर संतकबीरनगर। पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स सभागार में ग्राम प्रहरियों के साथ की गई गोष्ठी, पुलिस व ग्राम प्रहरियों को आपस में समन्वय स्थापित कर अपराध पर नियंत्रण के दिये गये निर्देश, ग्राम प्रहरियों को बांटी गयी साइकिलें आज दिनांक 27.01.2024 को पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर सत्यजीत गुप्ता द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स सभागार में ग्राम प्रहरियों को पुलिस विभाग से जोड़ने व कानून व्यवस्था के दृष्टिगत गोष्ठी की गई । पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा चौकीदारों को संबोधित करते हुए उनके दायित्वों एवं कर्तव्यों को बताया गया कि चौकीदार पुलिस विभाग की प्रथम कड़ी हैं व गांव के रक्षक के रुप में ग्राम प्रहरी की बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका होती है, गांव की प्रत्येक छोटी–बड़ी घटनाओं की सूचना थाने पर समय से देकर गांव में शांति व्यवस्था कायम करने में मदद करें, जिससे कि क्षेत्र में किसी भी तरह की अराजकता अपनी पैठ ना बना सके व गलत कार्य करने वालों के मन में हमेशा डर बना रहे । सभी चौकीदारों के कार्यों की सराहना करते हुए पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों से आये चौकीदारों को साइकिलों का वितरिण किया गया । गोष्ठी के दौरान क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद श्री ब्रजेश सिंह, क्षेत्राधिकारी यातायात श्रीमती दीपांशी राठौर सहित अन्य अधिकारी तथा कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।

भाजपा का शुरु है दीवार लेखन आभियान, सैदपुर में एमएलसी विशाल सिंह चंचल ने किया लेखन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। लोकसभा चुनाव नजदीक है। भारतीय जनता पार्टी ने लोगों को पार्टी चिन्ह कमल और केंद्रीय कल्याण योजनाओं के बारे में जागरूक करने के लिए देश भर मे दीवार लेखन अभियान शुरू किया है। इसी क्रम मे एमएलसी विशाल सिंह चंचल ने शुक्रवार को नगर पंचायत सैदपुर स्थित वार्ड न. 03 में अभियान के तहत एमएलसी ने दीवार पर कमल का निशान बनाया और नारे लिखे। उन्होंने कहा , ष्दीवार लेखन अभियान के माध्यम से आमजन से अपील करने के क्रम मे राज्य और केंद्र में डबल इंजन सरकार पाने के लिए आगामी चुनावों में हमारे कमल के निशान को चुनें।ष एमएलसी ने कहा कि यह अभियान केंद्र में भाजपा सरकार की सफलता और लोगों के प्रति पार्टी की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करेगा। यह अभियान पार्टी कार्यकर्ताओं की मदद से पूरे राज्य में चलाया जा रहा है। जो मतदाता हमारी पार्टी को चुनेंगे उन्हें एक मजबूत और स्थिर सरकार मिलेगी। उन्होंने एक दीवार पर कमल का फूल बनाया और लोगों से इस प्रतीक में विश्वास रखने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकास की गारंटी को जमीनी स्तर तक पहुंचाने के लिए यह अभियान शुरू किया गया है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अश्वनी पाण्डेय, आँशु दुबे, अखिलेश कुशवाहा, अनूप जायसवाल उर्फ अनुराग, आकाश पाण्डेय, अर्जुन चौधरी, महताब खान, राजेश गुप्ता, अरविन्द सोनकर, नमन वर्मा सहित अनेको लोग उपस्थित रहे।

नपा अध्यक्ष सरिता अग्रवाल व विनोद अग्रवाल ने किया कार्यालय पर ध्वजारोहण

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। 75वां गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद गाजीपुर के कार्यालय में नगर अध्यक्ष सरिता अग्रवाल व नगर पालिका परिषद् के पूर्व अध्यक्ष विनोद अग्रवाल द्वारा झंडारोहण किया गया और राष्ट्रगान के उपरांत समस्त अधिकारीगण, सभासदगण, प्रतिनिधि एवं कर्मचारियों को संविधान की शपथ दिलाई गयी । तदोपरान्त पालिका सभागार में अध्यक्ष सरिता अग्रवाल की अध्यक्षता में गोष्ठी सम्पन्न हुआ जिसमें पालिकाध्यक्षा ने सभी नगरवासियों को 75वें गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आज हम सब डॉ० भीमराव अंबेडकर द्वारा बनाई गई संविधान के तहत जी रहे है। हम गाजीपुर नगर को स्वच्छ, सुन्दर और विकसित करना है इसके लिए सभी का सहयोग अपेक्षित है। पालिथीन के दुष्परिणाम की चर्चा करते हुए उन्होंने इसके इस्तेमाल न करने की अपील की। नगर पालिका परिषद् के पूर्व अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने नगरवासियों को 75वें गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए कहा कि संविधान नागरिको को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय देती है तथा विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वंतत्रता प्रदान करती है, हम सब नागरिक का कर्तव्य है कि राष्ट्र की एकता और अखंडता को बनाये रखने के लिए संविधान के दायरे में रह कर अपना जीवन यापन करें और नगरवासियों से अपील है कि माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा संचालित स्वच्छ भारत मिशन योजना के अंतर्गत सफाई अभियान में अपना विशेष योगदान दे तथा गृहकर एवं जलकर शुल्क को समय पर जमा करें जिससे नगर के विकास में और तीव्रता लायी जा सकेद्य सभासदों तथा अधिकारीगण ने अपने–अपने वक्तव्य दिये। उक्त गोष्ठी के समापन उपरांत मिष्ठान वितरण किया गया। इसके बाद महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गयाद्य उक्त गोष्ठी में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक मो० एहसान आलम, अवर अभियन्ता सिविल विवेक कुमार बिन्द, सभासदगण एवं उनके प्रतिनिधि सर्वश्री अजय कुशवाहा, अशोक मौर्या, निलिमा गांधी, सुशील वर्मा, हेमंत त्रिपाठी, विशाल श्रीवास्तव, नौरीन जाहिद, रितु रावत आदि कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

विद्यालयों में गणतंत्र दिवस की रही धूम

प्रखर खेतासराय(जौनपुर) । जे डी कान्वेंट स्कूल खेतासराय में बीएम हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ सालिम मोहिउद्दीन ने ध्वजारोहण किया।

प्रिंसिपल डॉ गीता मौर्य, डॉ चंद्रजीत मौर्य ने बच्चों को संबोधित किया। कार्यक्रम में जेएनयू दिल्ली छात्र कुमार शाश्वत, कुमार उत्कर्ष, सार्थक मौर्य, कार्तिकेय मौर्य, पत्रकार इंद्रजीत सिंह मौर्य, अतुल मौर्य, भाजपा नेता जगदंबा प्रसाद पांडेय, मनीष गुप्ता, मोहम्मद अरशाद, यूसुफ यूसुफ खान,सुरेश यादव, दयाराम बिंद, राकेश राजभर, भानु सिंह,मोहम्मद कुल्लुर, पप्पू गौतम अन्य उपस्थित रहे। बच्चों ने भव्य रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर देश के प्रति अपने संकल्प को दोहराया। मॉडर्न कान्वेंट स्कूल में डॉ. मोहम्मद वाहिद ने ध्वजारोहण किया। मोहम्मद राशिद, सैयद तारिक, एडवोकेट मोहम्मद ताहिर अन्य उपस्थित रहे। कंपोजिट विद्यालय गोधना में प्रधानाध्यापक अखिलेश यादव व ग्राम प्रधान भीम राजभर ने झंडारोहण कर बच्चों को देश भक्ति के प्रति जागरूक किया। समारोह में शिक्षक सुभाष चंद्र यादव, डॉ चंद्रजीत मौर्य, विनोद यादव, अजय यादव, स्वतंत्र यादव, सीमा यादव, शैल यादव, रवींद्र, कुलदीप अन्य उपस्थित रहे। बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। प्राथमिक विद्यालय गोरारी में ग्राम प्रधान संदीप मौर्य व आर्यनगर कला में वसीम अहमद ग्रामप्रधान सैद गोरारी व डॉ शिवानी मौर्य ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। यहां हुए कार्यक्रम में आनंद बरनवाल, अमरजीत गौतम, सुभाष यादव, मंजू यादव, रीता यादव, सुनीता प्रजापति, वीरेंद्र कुमार अन्य मौजूद रहे।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर सईद बाबू रहबर ने किया ध्वजारोहण

प्रखर सहजनवां,गोरखपुर। 75वां गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी 2024 दिन शुक्रवार प्रातः 10 बजे भीटी रावत के मस्जिद व राज एकेडमी पर समाजसेवी सईद बाबू रहबर के द्वारा ध्वजारोहण का कार्यक्रम किया गया। इस मौके पर छात्र–छात्राओं के द्वारा ध्वजारोहण करके राष्ट्रगान किया गया. . इस मौके अपने संबोधन में सईद बाबू रहबर ने कहा कि हर व्यक्ति को अपने देश और राष्ट्र हित के लिए एक दूसरे के प्रति सद्भावना रखते हुए देश हित के कार्य के लिए हमेशा अग्रसर और रहना चाहिए और एक दिन ही नहीं बल्कि हर एक दिन अपने हृदय में देश प्रेम की भावना रखनी चाहिए। कार्यक्रम के इस दौरान हाजी शौकत, अधिवक्ता कमरे आलम,शहाबुदीन कमाल, शाहिद वाहिद,जहीर हसन, फारूक मजीद अकबर,सुनील छेदी, संजय सहित आदि लोग मौजूद थे।

75वे गणतंत्र दिवस पर डीएम संग एसपी ने दिए उत्कृष्ठ कार्यों के लिए पदक व प्रशस्ति पत्र

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर रिजर्व पुलिस लाईन गाजीपुर स्थित परेड ग्राउण्ड पर आयोजित भव्य पुलिस परेड के पश्चात् मुख्य अतिथि जिलाधिकारी महोदया गाजीपुर व पुलिस अधीक्षक गाजीपुर द्वारा जनपदीय पुलिस में कार्यरत विभिन्न कर्मचारियों को उनके वर्ष 2023 के सेवा काल में किये गये उत्कृष्ट कार्यों हेतु शासन व जिला स्तर से विभिन्न पदक व प्रशस्ति पत्र द्वारा सम्मानित किया गया जिसका विवरण इस प्रकार है वर्ष 2023 में गृह मंत्रालय भारत सरकार की रैंकिंग में थाना सादात जनपद गाजीपुर को प्रदेश में बेस्ट पुलिस स्टेशन के रूप में चयनित किये जाने के फलस्वरूप थानाध्यक्ष सादात श्री आलोक कुमार त्रिपाठी को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया । उप निरीक्षक राजबलि यादव थाना सादात, रेडियो उप निरीक्षक सच्चिदानंद राय पुलिस लाईन व मुख्य आरक्षी उदय बहादुर यू0पी0 112 को गृह मंत्रालय भारत सरकार का अति उत्कृष्ठ सेवा पदक, पुलिस लाईन में नियुक्त मुख्य आरक्षी धीरेन्द्र कुमार यादव, मुख्य आरक्षी रमाशंकर यादव, मुख्य आरक्षी भूपेन्द्र सिंह को गृह मंत्रालय भारत सरकार का उत्कृष्ट सेवा पदक, उप निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह थानाध्यक्ष नंदगंज को मुख्यमंत्री जी का वीरता पदक एवं प्रशस्ति पत्र, निरीक्षक राजकुमार यादव वाचक पुलिस अधीक्षक को पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 महोदय का उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह, नि0 भरत कुमार गौतम प्रभारी मानीटरिंग सेल, उ0नि0 श्री नरेन्द्र कुमार दुबे कार्यालय अ0पु0अ0 नगर गाजीपुर व उ0नि0 श्री प्रवीन कुमार थानाध्यक्ष खानपुर को पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 महोदय का सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह, इसके अतिरिक्त जनपद में नियुक्त 37 अन्य पुलिस कर्मचारियों को उनके द्वारा वर्ष 2023 में किये गये उत्कृष्ट व सराहनीय कार्यों हेतु श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय गाजीपुर द्वारा प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया ।

जनपद भर में हर्षोल्लास के साथ मना 75वां गणतंत्र दिवस, जिलाधिकारी ने ली परेड की सलामी

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस लाइन गाजीपुर स्थित परेड ग्राउंड पर भव्य पुलिस परेड का आयोजन किया गया । परेड की सलामी मुख्य अतिथि आर्यका अखौरी जिलाधिकारी द्वारा ली गई तथा ध्वजारोहण कर परेड का निरीक्षण किया गया । गौरव कुमार क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा परेड कमांडर प्रथम के रुप में भव्य परेड का नेतृत्व किया गया । परेड में नागरिक पुलिस, महिला पुलिस, यातायात पुलिस व शस्त्र तथा झांकियों में मोटरसाइकिल दस्ता, डायल 112, फोरेन्सिक टीम, स्वाट टीम, वायरलेस विभाग, अग्निशमन दल, दंगा नियंत्रण बल, व पुलिस क्रेन शामिल रही । मुख्य अतिथि द्वारा सामाजिक एवं जन उपयोगी कार्य किये जाने हेतु प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया । थाना सादात को गृहमंत्रालय भारत सरकार द्वारा श्रेष्ठ थाने का पुरस्कार से सम्मानित किया गाया । जिलाधिकारी महोदया व पुलिस अधीक्षक गाजीपुर द्वारा जनपद गाजीपुर में उत्कृष्ट कार्य करने के लिये कुल 59 पुलिस अधिकारी व कर्मचारीगण को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया । इस अवसर पर जनपद के न्यायिक, प्रशासनिक, पुलिस अधिकारी व जनता के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे, रैतिक परेड का दर्शकगणों द्वारा तालियों की गडगडाहट के साथ उत्साहवर्धन किया गया । इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में एवर ग्रीन पब्लिक स्कूल को प्रथम स्थान , जवाहर नवोदय विद्यालय को द्वितीय स्थान व गणेशाडांस अकादमी को तृतीय स्थान से सम्मानित किया गया। इसी प्रकार भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष सुनील सिंह के द्वारा जिला कार्यालय छावनी लाइन पर ध्वजारोहण किया गया तथा उपस्थित नेताओं कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रगान गाया तथा भारत माता की जय मे देश प्रेम के नारे लगाए।इस अवसर पर मिष्ठान वितरण कर गणतंत्र दिवस की शुभकामना बधाई दी गई। ध्वजारोहण में पूर्व जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह, लोकसभा संयोजक कृष्णबिहारी राय, जिला महामंत्री प्रवीण सिंह, रविप्रकाश, अच्छेलाल गुप्ता,जिला मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा, लालसा भारद्वाज,राजन प्रजापति, अभिनव सिंह छोटू, मुरली कुशवाहा,विशाल चौरसिया, गर्वजीत सिंह, अजीत सिंह, सुनील चौहान,पारस बिंद, प्रदीप कुमार, विनोद दूबे सहित अन्य तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास के साथ ध्वजारोहण कर गणतंत्र दिवस मनाया। आज देश आजादी के ७५ वर्ष को पूर्ण कर ७६ में वर्ष में प्रवेश किया है आज के दिन देश को भारतीय संविधान लिखित रूप से मिला था।इस अवसर पर विभाग संगठन मंत्री विपुल ने कहा कि विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता देश और राष्ट्र के लिए समर्पित रहना अपना सौभाग्य मानता है और शिक्षा के साथ साथ समाज के लिए अनेक आयामों के माध्यम से कार्य करता है।जिला संयोजक ने बताया कि एबीवीपी के कार्यकर्ता सेवा बस्ती में नौनिहालों को वस्त्र वितरित कर मिठाई खिलाया। सह नगर मंत्री ईशान पॉल ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमारे लिए पर्व के रूप में होता है जिसके अवसर पर हम ध्वजारोहण करने के साथ–साथ समाज में कुछ अच्छे कार्य करने के लिए आगे बढ़ते हैं। उक्त अवसर पर प्रांत कार्यसमिति सदस्य खुशबू,अभिनव उपाध्याय,आदर्श शर्मा,अमन पांडे,शनि कुशवाहा,अभय त्रिपाठी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

एनयूजे वाराणसी के जिला इकाई कार्यालय पर 26 जनवरी का कार्यक्रम मनाया गया

प्रखर वाराणसी। नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट उत्तर प्रदेश की जिला इकाई एनयूजे वाराणसी के कार्यालय पत्रकारपुरम में 26 जनवरी का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। बता दें कि सर्वप्रथम नेशनल यूनियन जर्नलिस्ट वाराणसी जिला इकाई के सदस्यों की उपस्थिति में झंडारोहण का कार्यक्रम कराया गया। बता दें कि ध्वजारोहण के कार्यक्रम में ध्वजारोहण नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष व उत्तर प्रदेश प्रभारी डॉक्टर अरविंद सिंह के द्वारा किया गया। उसके बाद राष्ट्रगान गाकर कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट प्रदेश के उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह सहित वाराणसी इकाई के अनिल कुमार सिंह अध्यक्ष, राजीव कुमार पाण्डेय महामंत्री, मनीष सिंह, अरुण कुमार सिंह, राहुल सिंह, गुलाब सिंह, राज कुमार सोनकर, राजीव सिंह श्रानूश, धनश्याम मिश्रा, मनोज तिवारी संजय सिंह, दिनेश सिंह सदस्यगण उपस्थित रहे।

गणतंत्र दिवस पर ब्रेथ ईजी टीम ने किया ध्वजारोहण

स्वस्थ्य भारत के निर्माण के लिए समाज का स्वस्थ्य होना हैं आवश्यक– डॉ. एस.के पाठक

प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। ब्रेथ ईजी अस्पताल अस्सी व रामनगर वाराणसी की ओर से 26 जनवरी 2024 को भारत के 75 वे गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण का कार्यक्रम डॉ. एस.के पाठक (वरिष्ठ टी.बी, चेस्ट,एलर्जी रोग विशेषज्ञ) एवं डा. सुनीता पाठक (निदेशिका ब्रेथ ईजी) के नेतृत्व में सम्पन्न किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान से हुई जिसके उपरान्त डॉ. एस.के पाठक ने भारतीय तिरंगे को सलामी दी व भारतीय शूर वीर के आन–बान– शान की गाथा सुनायी व मिठाइयों का वितरण किया। ध्वजारोहण के उपरांत डॉ. एस. के पाठक ने भारत के वीर सपूतो की गाथा बतलायी इस कार्यक्रम में अस्सी व आस पास के सम्मानितगण के साथ–साथ मरीज भी उपस्थित थे। डॉ. एस.के पाठक ने बताया कि "स्वस्थ्य भारत के निर्माण के लिए समाज का स्वस्थ्य होना अति आवश्यक हैं डॉ. एस.के पाठक के नेतृत्व में हुई इस कार्यक्रम में ब्रेथ ईजी चेस्ट फाउंडेशन फॉर ह्यूमैनिटी के सदस्यों ने भी बढ़ – चढ़कर हिस्सा लिया। इनमे सुनील उपाध्याय, अभिषेक केशरी, अश्विनी पाठक, मनोज, रतन, अखिलेश, विनय ,अमित पाठक आदि लोग सम्मिलित थे ।

रोटरी ने वृद्धाश्रम में गणतंत्र दिवस की खुशी साझा की

प्रखर कुशीनगर। 75 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब कुशीनगर के द्वारा कसया स्थित वृद्धाश्रम में वृद्धजनों के बीच मिष्ठान एवं राष्ट्रध्वज भेंट कर गणतंत्र दिवस मनाया गया। रोटरी के अध्यक्ष वाहिद अली ने बताया कि रोटरी क्लब कुशीनगर के सदस्य प्रत्येक धार्मिक एवं राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर वृद्धाश्रम पहुंच कर वृद्धजनों के साथ घंटों रूककर त्योहारों की खुशी साझा करते हैं। उक्त अवसर पर रोटरी क्लब कुशीनगर के अध्यक्ष वाहिद अली, उपाध्यक्ष अजय कुमार सिंह, उपाध्यक्ष दिनेश कुमार यादव, कोषाध्यक्ष दुर्गेश चतुर्वेदी, पूर्व अध्यक्ष अनिल जायसवाल, निदेशक अमित श्रीवास्तव, निदेशक शंभू कुशवाहा, रक्तदान संयोजक विजय कृष्ण द्विवेदी, अरूण कुमार वर्मा, राजीव तिवारी, विनोद वर्मा, राजाराम जायसवाल, लतीफ अंसारी एवं आदिल खान उपस्थित रहे।

प्रभावती देवी चौरिटेबल संस्था द्वारा किया गया कंबल वितरण

प्रखर चंदवक जौनपुर। चंदवक स्थानीय थाना क्षेत्र के चौबेपुर गांव में मनाया गया प्रभावती देवी का सातवीं पुण्यतिथि पर गरीबों को कंबल वितरण किया गया। जिसकें विशिष्ट अतिथि के डॉ. दयाशंकर मिश्रा (दयालु) राज्य मंत्री स्वत्रंत प्रभार उत्तर प्रदेश मुख्य अतिथि सांसद बी. पी. सरोज सासंद मछलीशहर के द्वारा दो सौ लोगों को कंबल वितरण किया गया कार्यक्रम के महाराज 1008 कशी दास जी महाराज कार्यक्रम के कर रहे संचालन वरिष्ठ पत्रकार कार्यक्रम वारीन्द्र पाण्डेय कर रहे मायाशंकर चौबे अध्यक्ष प्रभावती देवी चौरिटेबल संस्था रमाकांत संरक्षक प्यारे लाल चौबे पूर्व प्राचार्य डाक्टर नृपेन्दर कुमार सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष, रविंद्र कुमार मिश्रा,अशोक कुमार पाण्डेय. कोषाध्यक्ष हजारों की संख्या में प्रभावती देवी चौरिटेबल ट्रस्ट के साथ चंदवक थानाध्यक्ष महेश कुमार सिंह के साथ पुलिस फोर्स लोगो साथ हजारों की संख्या लोग रहे मौजूद।

नेशनल इक्वल पार्टी कार्यालय पर दलित महिला के द्वारा किया गया झंडा रोहन, दर्जनों गरीब जरूरतमंदों को कंबल वितरण

प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। 26 जनवरी 75वां गणतंत्र दिवस पर नेशनल इक्वल पार्टी कार्यालय भरलाई शिवपुर में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को सलामी दिया गया द्य समाज व देश में मानवता का सन्देश देते हुऐ भारत के अन्तिम पायदान पर खड़े नागरिक को भी ध्वजारोहण का अधिकार हैं इसी क्रम में शुक्रवार को नेशनल इक्वल पार्टी ने पार्टी कार्यालय भरलाई शिवपुर वाराणसी में एक दलित महिला के द्वारा झंडा रोहन कराया गया एवं दर्जनों गरीब जरूरतमंदों को कंबल वितरण किया गया। मुख्य रूप से उपस्थित संस्थापक संस्थापक/अध्यक्ष शशिप्रताप सिंह ,राष्ट्रीय महासचिव प्रकाश जायसवाल, रवि पटेल,जयनाथ यादव, रामप्रकाश यादव, राजू पटेल, जितेंद्र पटेल, सतेंद्र सिंह, सुनर प्रजापति सुनील प्रजापति, ईश्वरचंद्र पटेल, जंगबहादुर राजभर, नंदलाल जायसवाल, गयनचंद्र पटेल, अजय कुमार सिंह ,अरुण श्रीवास्तव, नरेंद्र उपाध्याय एवं पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे

आईजीएल में गणतंत्र दिवस हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया

प्रखर सहजनवां गोरखपुर। इण्डिया ग्लाइकॉल्स लिमिटेड के बिजनेस हेड एस. के. शुक्ल के मार्गदर्शन में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस को बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। इस समारोह की अध्यक्षता एवं मुख्य अतिथि प्लांट हेड शैलेन्द्र कुमार पांडेय तथा विशिष्ट अतिथि इंजीनियरिंग हेड शैलेश चन्द रहे। मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों को सुरक्षा जवानो द्वारा सलामी दिया गया तत्पश्चात सहायक प्रबंधक प्रशासन अखिलेश शुक्ल द्वारा मुख्य अतिथि बैज पहनाकर परेड का निरिक्षण करावते हुए ध्वजारोहण कराया गया। समारोह का संचालन एसोसिएट मैनेजर अमित कश्यप ने किया और सर्वप्रथम अमित कश्यप ने राष्ट्रीय पर्व 26 जनवरी के महत्व पर प्रकाश डाला इसके उपरांत विशिस्ट अतिथियों ने कर्तव्यों के साथ साथ जिमेदारियो के निर्वहन पर भी जोर डाला और भ्रष्टाचार, मुक्त भारत को बनाने हेतु संकल्प लिया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि ने सभी को बिजनेस हेड एस के शुक्ल के सन्देश को बताया और विभिन्न विभागों के प्रमुखों द्वारा संस्थान हित, समाज हित और रोजगार के क्षेत्र में इस वर्ष किए गए कार्यों के प्रति धन्यवाद दिया और कहा आप सब मिलकर इस संस्थान को और आगे ले जायेंगे, इसके साथ ही उन्होंने डा भीमराव अंबेडकर जी को श्रद्धा पूर्वक नमन किया। इसके बाद खेल म्यूजिकल चेयर जिसके विजेता सुनील यादव और उपविजेता सूर्य नारायण पांडेय, लकी ड्रा के विजेता में कुल नौं लोग रहे एवं लेमन स्पून रेस के विजेता आनन्द सिंह, राम कुमार एवं डब्लू चौबे रहे और संतोष यादव यूनिक सिक्योरिटी से और विजय यादव एवं जामवंत यादव जय हो सिक्योरिटी से बेस्ट ड्रेस एवं साफ सफाई के लिए चुने गए। सभी विजेताओं को प्लांट हेड द्वारा पुरुस्कृत किया गया। इसी के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर समारोह में ए के सिंह, आशीष गुप्ता, रजनीकान्त पांडेय, जगदीश धाकड़, राजीव त्रिपाठी, शैलेंद्र सिंह, डॉ कमलेश सिंह, शिवानी शर्मा, जितेंद्र कॉन्टे, रणधीर सिंह, शिवेंद्र सिंह, वैष्णवी भाटिया, साक्षी वैश्य, अविका वर्मा, सुगंधा अधिकारी, एस के राय, सुरक्षा अधिकारी सुनील यादव, बाबूराम व सभाजीत सिंह इत्यादि के साथ भारी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

समिति ने जेल प्रशासन को सौंपा राष्ट्रीय ध्वज, गोष्ठी में बताई मतदान की उपयोगिता

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति लखनऊ के चेयरमैन मा. डा.उमेश शर्मा के निर्देशानुसार समिति के प्रतिनिधि मंडल ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर जनपद कारागार पहुंच कर इक्कीस राष्ट्रीय ध्वज कारागार अधीक्षक सत्य प्रकाश जी तथा जेलर आर के वर्मा को भेंट किया। समिति के पदाधिकारियों ने जेल अधीक्षक को समिति द्वारा जिला जेल में किये गये कार्यों की जानकारी देते हुए भविष्य में भी समिति के नियमानुसार कार्य करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में विशेष प्रान्तीय सचिव मयंक सिंह व पूर्वी जोन सचिव डा. ए.के. राय के अतिरिक्त आशीष कुमार सिंह, चन्दन प्रजापति तथा प्रकाश गुप्ता शामिल रहे। इससे पूर्व समिति के पदाधिकारियों ने प्रकाश नगर स्थित कैम्प कार्यालय पर मयंक सिंह की अध्यक्षता में 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर गोष्ठी कर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। अपने सम्बोधन में डा. ए. के. राय ने कहा कि 25 जनवरी को देश में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है क्योंकि 25 जनवरी 1950 को भारत निर्वाचन आयोग की स्थापना हुई थी और इसलिए वर्ष 2011 में इसे राष्ट्रीय मतदाता दिवस घोषित किया गया। प्रकाश गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस का उद्देश्य मतदाताओं विशेषकर युवा मतदाताओं के भागीदारी को प्रोत्साहित करना और मताधिकार सुनिश्चित करना है। अध्यक्ष मयंक सिंह ने कहा कि लोकतंत्र में मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए क्योंकि हार जीत में हर वोट की भागीदारी होती है ,आपके वोट पर ही किसी की हार जीत निश्चित हो इसलिए वोट अवश्य डालें और वोट डालने के लिए दूसरों को भी प्रेरित करें। गोष्ठी का संचालन चन्दन प्रजापति तथा आभार ज्ञापन आशीष कुमार सिंह ने किया।

व्यावसायिक प्रतिष्ठान का किया गया उद्घाटन

प्रखर सहजनवां/गोरखपुर। विकास खंड पिपरौली के छपिया गांव में व्यावसायिक प्रतिष्ठान शक्ति सीमेंट स्टोर का समाजसेवी जगदीश सिंह द्वारा फिता काटकर उद्घाटन किया गया।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस पिछड़े क्षेत्र में ऐसे प्रतिष्ठान कि शुरुआत से विकास को गति मिलेगी। विकास से ही हमारा सम्पूर्ण समाज बधा हुआ है, विकास में ही समाज के सम्पूर्ण आयाम छिपे हुए हैं।इस अवसर पर धीरज सिंह पालीवाल, चन्दन सिंह, शक्ति सिंह,सत्य प्रकाश धर द्विवेदी, विकास गुप्ता,सत्य प्रकाश यादव,नीरज राय, हरेंद्र यादव, राहुल सिंह, आशुतोष सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

रोटरी क्लब वाराणसी शिवगंगा द्वारा बाल गायिका विदुषी वर्मा को शान– ए –बनारस सम्मान से नवाजा गया

प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। रोटरी क्लब वाराणसी शिवगंगा द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाशाली गायिका विदुषी वर्मा को मंडलाध्यक्ष सुनील बंसल ने अंगवस्त्र एवं रोटरी वोकेशनल एक्सीलेंस अवॉर्ड शान–ए–बनारस देकर सम्मानित किया द्य रथयात्रा स्थित एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में विदुषी ने कार्यक्रम का आगाज सरस्वती वंदना से किया तत्पश्चात एक से बढ़कर एक देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर सभागार में उपस्थित लोगों को तालियां बजाने के लिए मजबूर कर दिया । कार्यक्रम के अंत में रोटरी क्लब के संस्थापक अध्यक्ष रवि शंकर सिंह ने विदुषी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की, इस अवसर पर आलोक अरोड़ा, विष्णु जैन,डॉ. सुनील शाह, पियूष नागर, ज्ञानेश सेठ,प्रशांत वर्मा, शैलेश जायसवाल समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

स्मार्ट मोबाइल पाकर खुश हुई छात्राएं

प्रखर पिंडरा वाराणसी। करखियाव स्थित चंपा देवी म महाविद्यालय में शनिवार को शासन द्वारा प्रदत्त स्मार्ट मोबाइल का वितरण एक समारोह के दौरान किया गया। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ से सम्बद्ध उक्त कॉलेज के छात्राओ को तकनीकी रूप से दक्ष बनाने व स्वरोजगार के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से दर्जनों छात्राओ को स्मार्ट फोन दिए गए। इस दौरान छात्राओ द्वारा अतिथियों के सम्मान में स्वागत गीत की संगीतमय प्रस्तुति कर वाहवाही लूटी। स्वागत नोडल राजेश कुमार, धन्यवाद प्रबन्धक शिशिर कुमार पाल ने ज्ञापित किया। इस दौरान मुख्य अतिथि पूर्व सीडीओ राजपति पाल,आर बी पाल, बिक्रमा सिंह, जगदीश सिंह, नागेंद्र सिंह व निहाला सिंह समेत अनेक लोग रहे।

प्रखर पूर्वांचल

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं